आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 09.11.2024 समय: 2.10 PM

मुख्यमंत्री– लाडली बहना राशि

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना, गैस रीफिल एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 2 करोड़ 10 लाख हितग्राहियों के खातें में 1 हजार 961 करोड़ रूपये अंतरित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण को लेकर निरंतर कार्य कर रही है।

इस अवसर पर इंदौर के नेहरु स्टेडियम में 5 हजार से अधिक बालिकाओं के द्वारा तलवार चलाने के वर्ल्ड रेकार्ड बनाने का कार्यक्रम भी होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एक अन्य कार्यक्रम में इंदौर के दिव्यांगजनों को लेपटॉप, मोट्रेट ट्राईसिकल और सहायक उपकरण भी वितरित करेंगे।

पात्रता पर्ची

प्रदेश में ऐसे श्रमिक जिन्होंने अपूर्ण पते दिये है या दिये गये पते पर निवास नहीं है, उन्हें खाद्यान्न प्राप्त करने के लिये अस्थाई पात्रता

पर्ची जारी की जायेगी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि अस्थाई पात्रता पर्ची लगभग 17 लाख श्रमिकों को जारी की जाएंगी। यह कार्रवाई सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एक याचिका में पारित आदेश के परिपालन में की जा रही है। मार्च 2024 तक ई श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों के

डेटा के आधार पर ये अस्थाई पात्रता पर्ची जारी की जाएंगी।

"हृदयम एमपी"

पर्यटन विभाग के प्रमुख सचिव और टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि "हृदयम एमपी" पहल प्रदेश में वेलनेस टूरिज्म के इको सिस्टम को विकसित करने का प्रयास करेगी। यह एक एकीकृत प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित होगा जिस पर पर्यटन और वेलनेस और मेडिकल वैल्यू टूरिज्म के सभी स्टेक होल्डर्स समन्वित रूप से कार्य करेंगे। श्री शुक्ला कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार में "हृदयम एमपी" पहल के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मेडिकल और वेलनेस चिकित्सा पद्धति के सभी संसाधनों को एकीकृत करते हुए प्रदेश में पर्यटन उत्पाद के रूप में विकसित करने के लिए "हृदयम एमपी" पहल कार्य करेगी। इस अवसर पर "हृदयम एमपी" का लोगो भी लॉन्च किया गया।

रेलवे विशेष रेलगाडी

पूर्वी मध्य रेलवे छठ पूजा के बाद बिहार से वापस आने वाले यात्रियों की भीड को देखते हुए अगले पन्द्रह दिन के दौरान 446 विशेष रेलगाडियों का संचालन करेगा। देशभर में विभिन्न शहरों से लौटने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए इन विशेष रेलगाडियों का संचालन कल से शुरू हो गया। आकाशवाणी के साथ बातचीत में रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि इस वर्ष यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पिछले वर्ष की तुलना में 70 से अधिक अतिरिक्त रेलगाडियां चलाई जा रही हैं।

टेक्निकल विंग

प्रदेश में जनजातियों के विकास से जुड़ी सभी प्रकार की अधोसंरचनाएँ के लिये अब जनजातीय कार्य विभाग खुद का टेक्निकल विंग बनायेगा। राज्य शासन द्वारा ट्राईबल टेक्निकल विंग सेट–अप को मंजूरी दे दी गई है। इसके लिये 177 नये पद भी शासन ने स्वीकृत किये हैं। गौरतलब है कि अब तक जनजातीय कार्य विभाग के अधीन स्कूल, छात्रावास, आश्रम शालाएँ, क्रीड़ा परिसर, कन्या शिक्षा परिसर, प्रशासनिक भवन जैसी विभागीय संरचनाएँ पीडब्ल्यूडी, पीआईयू, भवन निर्माण इकाई, एम.पी. हाउसिंग बोर्ड निर्माण एजेंसियों से कराये जाते थे।

समाचार संक्षेप में

- बड़वानी में –शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास दिल्ली द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर आज से दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हो रहा है।
- गुना में स्वच्छता अभियान अंतर्गत आज शासकीय पी.जी. कॉलेज के सामने स्थित स्वतंत्रता पार्क में साफ सफाई अभियान चलाया गया।
- शिवपुरी जिले में केंद्र सरकार द्वारा बुजुर्गों के लिए शुरू की गई आयुष्मान योजना का लाभ मिलना शुरू हो गया है।
- आगरमालवा जिले में बाल विवाह रोकने के लिये कलेक्टर ने बाल विवाह की निगरानी एवं रोकथाम के लिये दलों का गठन किया ।